THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI RAMESHWAR THAKUR): (a) to (c) Information is being collected and will be laid on the Table of the House.

(d) Confiscated gold is deposited in the Government of India Mints by the Customs Department.

आवश्यक वस्तुओं में मूल्य-वृद्धि

*3234. **श्री अनन्तराम जायसवाल:** क्या वित्त यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार ने पिछले छः महीने के दौरान किन-किन वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि की है;

(ख) इस तरह की वृद्धि के तत्काल पहले इन वस्तुओं के मूल्य कितने और उक्त वृद्धि के बाद इनके मूल्य कितने थे;

(ग) क्या दैनिक इस्तेमाल की वस्तुओं के मूल्यों में की गई यह वृद्धि सत्तारूढ़ दल के घोषणा पत्र के विपरीत नहीं है; और

(घ) क्या उक्त अवधि के दौरान आम लोगों की वास्तविक आय स्थिर रही है/बढ़ी है अथवा कम हुई है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामेश्वर ठाकुर): (क) और (ख) पिछले छः महीनों के दौरान पैट्रोलियम पदार्थों और पोटाश तथा फास्फेट उर्वरकों के मूल्यों में ऊर्ध्वगामी वृद्धि की गई है, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है:—

*पूर्वतः अतारांकित प्रश्न 2647, 10 दिसम्बर 1992 से स्थानांतरित।

पिछले छः महीनों के दौरान उर्वरकों और पेट्रोलियम पदार्थों के मूल्य

वस्तु	जुलाई, 1992 से पहले	जुलाई, 1992 से
उर्वरक (रुपए/कि०ग्रा०)		
(क) यूरिया	3.06	2.75
(ख) डी०ए०पी०	4.68	8.31
(ग) एम०ओ०पी०	1.70	4.50
	16.7.92 से पहले	16.7.92 से
पैट्रोलियम पदार्थ		
(भण्डार-पूर्व मूल्य रुपए/एस०यू०)		
(क) एम०एस०-87	13416.11	14413.21
(ख) एम०एस०-93	16416.11	17413.21
(ग) एम०एस०-80	13451.09	14448.19
(घ) एच०एस०डी०ओ०	4541.91	5539.01
(ङ) एल०एस०एच०एफ० एच०एस०डी०(बंकर में)	4541.91	5539.01
(च) एल०एस०एच०एफ० एच०एस०डी०(अन्य)	7610.78	8607.88
(छ) एस०के०ओ० (घरेलू)	2201.54	2201.54
(ज) एस०के०ओ० (अन्य)	4178.71	5515.76
(झ) एल०डी०ओ०	4199.21	5396.31
(ञ) ए०टी०एफ० (घरेलू)	9810.46	10837.56
(ट) ए०वी० (गैसोलिन)	10443.60	11440.70
(ठ) नेप्था (एफ०)	2725.68	3722.78
(ड) नेप्था (एन०एफ०)	4415.13	6075.69
(ढ) एफ०ओ० (एफ०)	1815.33	2312.43
(ण) एफ०ओ० (एन०एफ०)	3991.71	4988.81
(त) एल०एस०एच०एस० (एफ०)	1854.47	2851.57
(थ) एल०एस०एच०एस० (एन०एफ०)	3806.97	4804.07
(द) एल०पी०जी०पैकड (डी०ओ०एम०)	4138.78	5135.88
(ध) एल०पी०जी०पैकड (नॉन डी ओ एम ई एस एस)	6876.52	12587.77
एल०पी०जी०पैकड (नॉन डी ओ एम नॉन ई एस एस)	8458.16	14169.41

	16.7.92 से पहले	16.7.92 से
एल॰पी॰जी॰ बल्क (ई एस एस)	5469.46	11180.71
एल॰पी॰जी॰ बल्क (नॉन ई एस एस)	7050.71	12761.96
एल॰पी॰जी॰ बल्क (छूट प्राप्त)	4491.41	5488.51
बिटुमन (बल्क)	3540.42	4537.52
बिटुमन (पैकड)	4262.38	5259.48
माचिस	12376.14	13373.24
पैराफिन वैक्स (आई॰एस॰टी॰गुणवत्ता)	15951.71	16948.81
पैराफिन वैक्स (पी॰आई॰ग्रेड)	16088.08	17085.18
आर॰पी॰सी॰	3198.25	5335.49
सी॰पी॰सी॰	5912.75	8077.05

(ग) इन वस्तुओं के मूल्यों में संशोधित ऊर्ध्वगामी वृद्धि राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए अनिवार्य हो गई थी जो कि मुद्रास्फीति उत्प्रेरित करता है। लेकिन, शासक दल के घोषणा पत्र के अनुरूप घरेलू उपयोग के लिए मिट्टी के तेल के मूल्य में वृद्धि नहीं की गई क्योंकि इसका समाज के कमजोर और सुविधावंचित वर्गों द्वारा इस्तेमाल किया जाता है। मांग को सीमित करके राजकोषीय घाटे में कमी से मुद्रास्फीति के नियंत्रित हो जाने की संभावना है।

(घ) पिछले छः महीने के दौरान आम व्यक्ति की आय में परिवर्तनों के संबंध में सूचना उपलब्ध नहीं है।

मध्य प्रदेश और गुजरात में विदेशी सहायता से चलने वाली परियोजनाएं

3235. **श्री अजीत जोगी:**
श्री छोटू भाई पटेल: क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश और गुजरात में विदेशी सहायता से शुरू की जा रही परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रत्येक मामले में दी गई सहायता का ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान इन परियोजनाओं पर कितनी धनराशि खर्च की गई है;

(घ) क्या कुछ समय पहले ही विदेशी सहायता के लिए कोई परियोजना मंजूर की गई है; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामेश्वर ठाकुर): (क) से (ग) राज्यों में विदेशी सहायता से क्रियान्वित की जा रही परियोजनाओं का विस्तृत विवरण सदन के पुस्तकालय में रखी गई विदेशी सहायता विवरणिका में उपलब्ध है जिसमें मध्य प्रदेश और गुजरात के राज्यों में विदेशी सहायता से लागू की जा रही परियोजनाओं के विषय में अतिरिक्त विवरण भी संलग्न है (नीचे देखिए) 30.9.1992 को विदेशी सहायता की कुल अनाहरित राशि निम्नानुसार थी:—

	(करोड़ रुपए)
गुजरात	1639.22
मध्य प्रदेश	242.52

(घ) और (ङ) एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना जो मध्य प्रदेश सहित दो राज्यों को कवर करती है, के लिए मई 1992 में 1940 लाख अमरीकी डालर की आई॰डी॰ए॰ सहायता के लिए विश्व बैंक से बातचीत की गई है। आशा है कि यह परियोजना छः साल तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं तथा स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार कर सकेगी।